# केडीए की जमीन पर नगर निगम की बाउंड्री

## स्वरूप नगर घंटाघर की जमीन, केडीए ने आपत्ति जता नगर निगम को भेजा पत्र, निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने को कहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर





केडीए ने स्वरूपनगर में घंटाघर की जमीन पर दीवार बनाने का आरोप नगर निगम पर लगाया है। निर्माण कार्य तुरंत रोकने को कहा है। अमृत विचार

**4900** वर्गमीटर पर बनानी है मार्केट

**04** मंजिला भवन बनना है इसका

**46** दुकानें बनानी हैं महिला मार्केट में

- रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर महिला मार्केट बनाने की सहमति, कहा जल्द करें हस्ताक्षर

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर स्थित घंटाघर की जमीन को लेकर पहले से विवाद में उलझे केडीए और नगर निगम में एक और उलझाव पैदा हो गया है। अब घंटाघर की जमीन पर बाउंड्रीवाल बनाने को लेकर एक बार फिर से केडीए और नगर निगम आमने-सामने हैं। केडीए ने नगर निगम को पत्र भेजकर बिना एनओसी केडीए की जमीन पर निर्माण करने का आरोप लगाया है और कार्य को तत्काल रोकने को कहा है।

केडीए ने बाउंड्री बनाने पर नगर निगम से आपत्ति जताते हुये कहा है कि बिना सहमति के केडीए की जमीन पर निर्माण कार्य कराना गलत है, साथ ही कहा है कि महिला मार्केट के निर्माण के लिये रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर सहमति बनी थी, इसलिये एमओयू पर तत्काल हस्ताक्षर किये जाएं ताकि कार्यवाही आगे बढ़ सके। केडीए के मुख्य अभियंता ने नगर निगम के मुख्य अभियंता एसएफए जैदी को पत्र लिखकर कहा है कि स्वरूप नगर स्थित घंटाघर पार्क में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। यह भूमि कानपुर विकास प्राधिकरण के स्वामित्व की है। जिस पर किसी भी प्रकार का कार्य करने से पहले केडीए से सहमति लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जमीन पर महिला मार्केट का निर्माण कराने के सम्बन्ध में पहले एक बैठक की गयी थी, जिसमें रेवेन्यू शेयरिंग पर विचार-विमर्श कर नगर निगम व केडीए के बीच एमओयू हस्ताक्षर किये जाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन वर्तमान में केडीए से अनापत्ति लिये बिना स्थल पर बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कराया जा रहा है, जो उचित नहीं है। केडीए ने कहा कि बाण्ड्रीवाल का निर्माण तत्काल रोकते हुए जल्द एमओयू पर हस्ताक्षर किये जाएं।

### शासन में भी केडीए ने लगाया है जवाब

- केडीए ने नगर निगम की योजना के लिये प्रस्तावित जमीनों पर अपना अधिकार बताया था। जिससे नगर निगम की प्रस्तावित योजनाओं पर काम रुक गया। स्वरूप नगर स्थित महिला मार्केट की जमीन पर भी केडीए ने अपना अधिकारी बताया था जिससे कार्य रुक गया। केडीए ने शासन में जवाब लगाया कि स्वरूप नगर गुटैया ग्राम में स्थित है। जो कानपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट द्वारा अर्जित सम्पत्ति है। यह संपत्तियां कानपुर एरिया डेवलपमेंट एक्ट-1945 की धारा-4बी के अनुसार कानपुर डेवलपमेंट में निहित है। केडीए ने शासन में कहा था कि नगर निगम की योजना पर रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर भूमि मांगी जाती है तो विचार किया जा सकता है। इसपर सहमति भी बन गई है।

### 4900 वर्गमीटर पर बननी है मार्केट

- स्वरूप नगर स्थित घंटाघर की जमीन पर 4 मंजिला भवन बनना है। महिला मार्केट के लिए 4900 वर्गमीटर की जमीन पर 46 दुकानें बनानी हैं। नगर निगम ने शासन के सामने कहा कि स्वरूप नगर घण्टाघर स्थित भूमि, जिसमें म्यूनिसिपल बॉण्ड के प्राजेक्ट में महिला मार्केट के रूप में प्रस्तावित थी। यह भूमि कानपुर नगर महापालिका द्वारा कानपुर विकास प्राधिकरण के अस्तित्व में आने से पहले ही मीट मार्केट के रूप में विकसित की गई थी। इस पर अवैध कब्जे होने के बाद नगर निगम ही वहां कब्जामुक्त की कार्रवाई की। इसीलिये म्यूनिसिपल बॉण्ड के अन्तर्गत महिला मार्केट के रूप में प्रस्तावित किया गया है।

# रेस्टोरेंट में बवाल, पुलिस से अभद्रता में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिविल लाइन्स स्थित बैठक रेस्टोरेंट का मामला

**अमृत विचार।** सिविल लाइन्स स्थित बैठक रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेड में रईसजादों द्वारा किए गए बवाल के मामले में आरोपितों के खिलाफ दूसरा मुकदमा दर्ज किया गया। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मी से अभद्रता के मामले में पुलिस ने आरोपितों पर बलवा, सरकारी काम में बाधा, लोकसेवक पर हमला, धमकाना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। आरोपितों ने बिल को लेकर कर्मचारियों से विवाद के बाद उन्हें रेस्टोरेंट में दौड़ा-दौड़ाकर लोहे की रॉड, डंडे और बेल्टों से पीटा था। मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण पुलिस मामले को दबाती रही। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद आरोपितों पर मुकदमा दर्जकर उन पर शांतिभंग की कार्रवाई की।

बैठक रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेड में शनिवार रात को आदित्य त्रिपाठी और पीयूष जायसवाल अपनी जन्मदिन पार्टी मनाने आये थे। जहां उन लोगों ने बैंक्वेड में स्थित कमरे में अपने 7-8 अन्य दोस्तों के साथ जमकर शराब पी। शनिवार देर रात एक बजे के बाद बिल को लेकर उनका वेटर से विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपितों ने रेस्टोरेंट के बेसमेंट में कर्मचारियों को पीटकर लहूलुहान कर दिया। मारपीट की सूचना पर पहुचे हेड कांस्टेबल फिरोज अहमद की तहरीर के अनुसार उन्होंने आरोपित युवकों को समझाने का प्रयास किया तो वह पुलिस से ही गाली-गलौज, अभद्रता व धक्का-मुक्की करने लगे। आरोपितों ने सरकारी काम में बाधा डालने का प्रयास किया। साथ ही उन्हें देखने की धमकी दी।

डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि कांस्टेबल फिरोज अहमद की शिकायत पर आरोपित निहाल प्रभाकर, कुशाग्र गुप्ता, प्रद्युम्न, नितिन गुप्ता, कुनाल वर्मा के खिलाफ बलवा, सरकारी काम में बाधा, लोकसेवक पर हमला, धमकाना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



गहरे गड्ढे में घुसकर प्रदर्शन करते पार्षद व पार्षद पति। अमृत विचार

# गड्ढे में बैठकर पार्षद और पति ने जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जूही गढ़ा व बम्बुरहिया बीते सप्ताह धंस गई थी सड़क
- मेट्रो, जलकल और नगर निगम के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अमृत विचार।** जूही में धंसी सड़क व सीवर लीकेज का सुधार न होने पर सोमवार को क्षेत्रीय पार्षद व पार्षद पति ने गड्ढे में उतरकर प्रदर्शन किया। बीते सप्ताह लीकेज की वजह से 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया था, जिसकी वजह से दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। सोमवार को पार्षद के प्रदर्शन की सूचना पर जलकल और निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पार्षद को जल्द समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया। पार्षद ने 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

पार्षद शालू कनौजिया व पूर्व पार्षद सुनील कनौजिया ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व मेट्रो ने जुही गढ़ा व बम्बुरहिया के बीच सीवर लाइन डाली थी। कार्य गुणवत्तापरक न होने की वजह से एक सप्ताह पहले जूही गढ़ा में सड़क धंस गई थी। मेट्रो, नगर निगम व जलकल को अवगत कराकर समस्या के निराकरण की मांग की लेकिन तीनों विभाग ध्यान नहीं दे रहे थे। अब वहां भर 20 फिट गहरा 50 फिट चौड़ा हो गया है। अधिकारियों के सुनवाई न करने पर सोमवार सुबह पूर्व पार्षद व पार्षद पति सुनील कनौजिया गहरे गड्ढे में उतरकर बैठ गये। लगभग दो घंटे बाद भी जब कोई अधिकारी नहीं आया तो पार्षद शालू सुनील कनौजिया भी उसी गहरे गड्ढे में उतरकर बैठ गईं। प्रदर्शन की जानकारी के बाद नगर निगम के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार व जलकल की अधिशासी अभियंता नबीला खान मौके पर पहुंचीं। समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया और पार्षद और पूर्व पार्षद को गड्ढे से निकाला।

# वीआईपी रोड पर कार ने बाइक सवार युवक को उड़ाया, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- होटल से काम करके लौट रहे थे बाइक सवार युवक
- साथी भी घायल, अस्पताल में भर्ती कराया गया

**अमृत विचार।** होटल से काम कर लौट रहे बाइक सवार युवकों को वीआईपी रोड पर तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को हैलट अस्पताल में भर्ती करा कर शव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया।

पुराना कानपुर, रानीघाट निवासी अशोक कुमार निषाद ने बताया कि परिवार में पत्नी पुष्पा, दो बेटे रिंकू व आदित्य व दो बेटी पिंकी व गोलू हैं। आदित्य सिविल लाइंस स्थित वाइब रेस्टोरेंट में काम करता था। रविवार रात करीब एक बजे वह रेस्टोरेंट से अपने दोस्त रवि के साथ बाइक से लौट रहा था। दोनो रेव थ्री चौराहे के पास पहुंचे ही थे, तभी पीछे से आ रही गाजियाबाद नंबर की एक कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें रवि व आदित्य घायल हो गए। कोहना पुलिस ने घायलों को हैलट में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने आदित्य को मृत घोषित कर दिया। कार की नंबर प्लेट टूट कर गिर गई। पुलिस नंबर प्लेट के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### खून से लथपथ मिला वृद्धा का शव

- **कानपुर।** कोहना थानाक्षेत्र के बड़ी करबला के पास खून से लथपथ वृद्धा का शव मिला। वृद्धा के शरीर पर कई जगह चोटों के निशान मिले। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम पहुंचाया। इलाकाई लोगों ने बताया कि वाहन की टक्कर से महिला की मौत हुई है। जीटी रोड स्थित हैलट नहरिया निवासी गुड़िया ने बताया कि उनकी मां शहनाज (62) भीख मांग कर जीवन बसर करती थीं। पिता इस्माइल हरदोई के लालपुर कंपरी स्थित गांव गए हुए थे। सोमवार सुबह करीब 6 बजे तेज रफ्तार वाहन ने नवाबगंज स्थित बड़ी करबला के पास उनको टक्कर मार दी। हादसे में शहनाज की मौके पर मौत हो गई। इलाकाई लोगों की सूचना पर गुड़िया व उसका पति सोनू मौके पर पहुंचे।

# पहले दिन एक भी कारगो बुक नहीं

**कानपुर।** सोमवार को कानपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस ने कारगो की बुकिंग शुरू कर दी है लेकिन पहले दिन एक भी पैकेज बुकिंग के लिए नहीं आया। बुकिंग टीम सुबह 6 बजे से 8 बजे तक काउंटर पर बुकिंग कराने वालों का इंतजार करती रही।

कानपुर एयरपोर्ट पर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक दो घंटे कारगो की बुकिंग शुरू की गई है। कानपुर से जहां कहीं भी विमान जाते हैं, वहां तक कारगो को पहुंचाया जाएगा और फिर वहां से देश विदेश के लिए बुक सामग्री को भेजा जाएगा। सोमवार को एक भी कारगो की बुकिंग नहीं हुई। बताते चलें कि कानपुर से दिल्ली और मुंबई के लिए प्रतिदिन फ्लाइट उड़ान भरती हैं जबकि हैदराबाद और बेंगलुरु के लिए सप्ताह में तीन से चार दिन उड़ान रहती है।

## सार-संक्षेप



महापौर ने नगर विकास मंत्री से की मुलाकात। अमृत विचार

### नगर विकास मंत्री ने मांगा वाटर हार्वेस्टिंग प्लान

**कानपुर।** महापौर प्रमिला पांडेय ने सोमवार को नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा से लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान महापौर ने कानपुर महानगर से सम्बन्धित समस्याओं को बताया। नगर निगम, जलकल और जल निगम की ओर से शहर में कराये जा रहे विकास कार्यों को भी बताया। नगर विकास मंत्री ने महापौर को निर्देश दिया कि बरसात का पानी नदियों, नालों में बहकर बर्बाद होता है। वर्षा जल संचयन के लिये वाटर हार्वेस्टिंग का बड़ा प्रस्ताव बनाकर दें, ताकि उस पर कार्यवाही की जा सके।

### शिविर में सीखीं गतिविधियां

**कानपुर।** सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल में 26 मई से 1 जून तक ग्रीष्म कालीन शिविर आयोजित हुआ। शिविर में आईसीएसई के कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों एवं कैम्ब्रिज के छात्रों ने जोश और उत्साह के साथ प्रतिभागिता की। इस दौरान बच्चों ने नॉन-फायर कुकिंग आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस वेस्टर्न एंड इंडियन, म्यूजिक वोकल, इंस्ट्रुमेंटल, कंप्यूटर लिगो' और रोबोटिक्स के साथ स्पेस साइंस एक्टिविटी का अनुभव लिया। शिविर के अंतिम दिन समारोह हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश तिवारी, उपप्रधानाचार्य सीनियर स्कूल एमके मिश्रा, उपप्रधानाचार्या जूनियर स्कूल मधुश्री भौमिक, जीएम शैलेंद्र अग्निहोत्री, कैम्ब्रिज समन्वयक हेड निरटेक्स शालिनी शुक्ला उपस्थित रहे।



स्कूली बच्चों ने चित्र बनाए। अमृत विचार

# घर में अकेली किशोरी ने लगाई फांसी

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में घर में अकेली किशोरी फांसी लगा कर जान दे दी।

मूलरूप से कानपुर देहात के रामपुर गांव निवासी रामनरेश मजदूरी करते हैं। परिवार में पत्नी ममता व चार बच्चे हैं। रामनरेश ने बताया कि वह करीब 15 दिन पहले कल्याणपुर के गूबा गार्डन में किराए का मकान लेकर रहने आए थे। पत्नी बेटी अनामिका, शालू व बेटे रौनक के साथ गांव में थी। जबकि प्रिंसी उनके साथ रह कर इलाके के ब्यूटी पार्लर में काम करती थी। रविवार रात 8 बजे वह काम से लौटे तो काफी देर तक दरवाजा खटखटाया। दरवाजा न खुलने पर उन्होंने खिड़की से देखा तो प्रिंसी का शव फंदे से लटक रहा था।

# चकेरी में पकड़े गए 15 पशु तस्करों पर दर्ज की गई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मवेशी लदी आठ गाड़ियां पकड़े जाने का मामला

**अमृत विचार।** एसीपी चकेरी द्वारा हाइवे से चकेरी और महाराजपुर में मवेशी लदे आठ वाहनों को पकड़े जाने के मामले में पुलिस ने पकड़े गये सभी 15 आरोपितों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

रविवार सुबह एसीपी चकेरी एस एस रामटेके ने कानपुर प्रयागराज हाइवे पर महाराजपुर से दो और चकेरी से छह मवेशी लदे वाहनों को पकड़ा था। चकेरी में पकड़े आरोपितों ने पूछताछ में अपने नाम फतेहपुर के कसिमपुर अखोपुर हस्बा गांव निवासी अतीक अहमद, फतेहपुर के हथवा गांव निवासी जफर, अशरफ, कौशांबी जिले के मितवापुर गांव निवासी अफरोज अहमद, मोहम्मद कासिब, बिहार के जिला अरवल ग्राम भदासी निवासी अशरफ, कौशांबी के कजियाना गांव निवासी सरताज, अमेठी के मऊ अटवारा गांव निवासी मोहम्मद वसीम, कौशांबी के शीतलपुर निवासी अंकित कुमार, महेश पटेल और बिहार के जिला जहानाबाद के काजीपुर ताली निवासी मोहम्मद यासीन बताया। इसके अलावा महाराजपुर में पकड़े गये आरोपितों ने अपने नाम फतेहपुर के दिहुली बहरामपुर निवासी विमलेश, फतेहुपर के वार्ड दो इंदिरा नगर निवासी मोहम्मद मारूफ और फतेहपुर जिले के ही गाजीपुर निवासी रियाज बताया। तीनों आरोपितों ने अपने भागे हुए साथी का नाम फतेहपुर के पनाह गांव निवासी फैजी बताया। आरोपितों ने बताया कि वे मवेशियों को अलग अलग जिलों और प्रदेशों से उन्नाव के स्लाटर हाउस ले जाते हैं। उन्हें प्रति गाड़ी रकम दी जाती है। सभी आरोपितों के खिलाफ चकेरी और महाराजपुर पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एसीपी एस एस रामटेके ने बताया कि सिंडिकेट के कुछ सदस्यों के नाम आये हैं।

**लापरवाही** शहर की सीमाओं पर इंटरसेप्टर तैनात, लेजर स्पीड गन का कमाल

# ट्रैफिक नियमों की परीक्षा में 90 प्रतिशत चालक फेल

जमीर सि्ददीकी, कानपुर

- चालकों ने जो गलती की टीएसआई ने उन्हीं पर यातायात नियम पूछे
- रईसजादों के फर्राटा भर रहे वाहनों का इंटरसेप्टर ने खूब किया चालान



सीओडी से रामादेवी जाने वाले मार्ग पर लेजर स्पीड गन से वाहनों की चेकिंग।

**अमृत विचार।** तमाम ऐसे वाहन चालक यातायात व्यवस्था को रौंद रहे हैं जिन्हें यातायात नियमों की जानकारी ही नहीं है। ऐसे वाहन चालकों को पकड़ने के लिए शासन ने कानपुर ट्रैफिक विभाग को चार बाइक इंटरसेप्टर उपलब्ध कराई हैं। इन इंटरसेप्टर में हाईटेक लेजर स्पीड गन लगी है जिसके हाईटेक कैमरे, वीडियो, नशेबाज चालकों को पकड़ने की क्षमता रखते हैं।

सोमवार को डीसीपी यातायात रवींद्र कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर टीएसआई संजीव कुमार पाल, कांस्टेबिल शेर सिंह ने सीओडी ब्रिज से रामादेवी के मध्य इंटरसेप्टर में लगे हाई लेजर स्पीड गन से वाहनों की चेकिंग की। यहां नियमानुसार 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार निर्धारित थी लेकिन अधिकांश वाहन 60 किमी तो कोई 55 किमी की स्पीड से चल रहे थे। ऐसे वाहनों का चालान किया गया और उनके चालकों को यातायात नियमों के संकेतक दिखाकर पूछा गया कि आपने वाहन चलाने में जो गलती की थी, यातायात नियमों में उसके उपाय कहां बताए गए हैं। ऐसे में 90 प्रतिशत चालक यातायात नियम बताने में फेल हो गए। ऐसे वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस को 3 महीने के लिए निरस्त करने के लिए टीएसआई ने आरटीओ से अनुरोध करते हुए कार्रवाई की। इसी प्रकार तेज रफ्तार से जा रही एक परिवहन की बस को टीएसआई और सिपाही ने रोकने की कोशिश की लेकिन चालक ने बस को नहीं रोका तो बस का चालान किया गया। पुलिस के एक अधिकारी (रिटायर) की कार का ओवरस्पीड में 2000 रुपये का चालान किया गया लेकिन अधिकारी ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया और न ही अपना परिचय दिया। उनकी कार में पुलिस लिखा था। ऐसे ही मोबाइल पर बातें करते हुए 80 की रफ्तार से कार चला रहे युवक को टीम ने रोका लेकिन नहीं रुका।

### हाथ देते ही झटके से रोका वाहन, बैक गियर लगाया

- रामादेवी मार्ग पर टीएसआई ने एक तेज रफ्तार आ रहे छोटा हाथी को हाथ देकर रुकवाया तो लोडर चालक ने झटके से वाहन को रोक दिया। जिससे वाहन थोड़ा आगे निकल गया। बिना कुछ सोचे समझे चालक ने बैक गियर लगा दिया जिससे पीछे से आ रहे वाहनों से भिड़ने का खतरा हो गया जिसपर टीएसआई चिल्लाए तो चालक ने ब्रेक लगाई। टीएसआई ने चालक का ड्राइविंग लाइसेंस चेक किया और यातायात संकेतक के बारे में जानकारी ली तो चालक कुछ नहीं बता पाया जिससे टीएसआई ने वाहन का चालान करने के साथ ही चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को 3 माह के लिए रद्द करने की सिफारिश आरटीओ कानपुर से की।

# धमकाने और फायरिंग के मामले में तीन गिरफ्तार

**चकेरी।** अहिरवां में रंजिश में ई रिक्शा चालक के घर में घुसकर परिवार को धमकाने और फायर करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

चकेरी के कार्यवाहक थाना प्रभारी कुलदीप सिंह सेंगर ने बताया कि अहिरवां के सदानंद नगर निवासी ई रिक्शा चालक दिनेश सोनी ने मुकदमा दर्ज कराया था कि रंजिश में बीते शनिवार की शाम को आरोपित अहिरवां गांव निवासी कुलवंत, धीरज यादव और पंकज कुशवाहा ने रंजिश के तहत उनके घर में घुसकर परिवार को धमकाया था। साथ ही एक फायर भी किया था। कार्यवाहक थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरे एलआईसी पालिसी संख्या 228052962 में मेरा नाम जितेंद्र दर्ज हो गया है, जबकि आधार कार्ड में सुकई है, यह दोनों नाम मेरे ही हैं । **सुकई पुत्र स्व. नानबाबू, केवलपुर, छब्बीसवा, देवतहा, गोंडा।**

**सूचना**

मैं **सुनील कुमार पुत्र श्री रामनाथ गुप्ता निवासी सचिन आटो पार्टस मेन रोड सरायमीर आजमगढ़** घोषणा करता हूँ कि मेरे नाम एक फ्लैट संख्या 8/ठ1/907 का आवंटन गोमती इन्कलेव अवध विहार योजना लखनऊ मे हुआ था आवंटित दस्तावेज में मेरा नाम सुनील गुप्ता पुत्र रामनाथ हो गया है जबकि सुनील कुमार और सुनील गुप्ता दोनों एक ही व्यक्ति है। यदि मेरा नाम कहीं सुनील गुप्ता पुत्र रामनाथ हो तो उसे सुनील कुमार पुत्र रामनाथ गुप्ता पढ़ा जाये

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार शुक्ल पुत्र राम भिलाए शुक्ल जन्मतिथि 01-01-1968 पैन कार्ड में दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम सुरेन्द्र (SURENDRA) पुत्र राम मिलाए (RAM MILAYE ) जन्मतिथि 01-01-1966, **पता- ग्राम बहदुरिया गरेठी गुरुदत्त सिंह जनपद बहराइच** है। ऐसे में मुझे सुरेन्द्र (SURENDRA) पुत्र राम मिलाए (RAM MILAYE ) जन्मतिथि 01-01-1966 के नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं **सूरज कुमार उम्र 50 वर्ष पुत्र राम लाल निवासी-20 अम्बेडकर नगर, मानस नगर, थाना-कृष्णा नगर, लखनऊ** का रहने वाला है। शपथी अपनी पत्नी राजकुमारी पुत्र संदीप और पुत्री ममता की गलत हरकतों और बदनीयती के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हूं। शपथी की पत्नी ,पुत्र व पुत्री किसी प्रकार के गलत गतिविधियों में पाए जाते है तो उसका शपथी से कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र रविन्द्र को उसके गलत चाल-चलन व दुर्व्यवहार के कारण उसको अपनी समस्त चल-अचल सम्मपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्यो अथवा लेने-देन से मेरा व मेरी पत्नी पूजा अथवा परिवार के सभी सदस्यों से कोई लेना-देना व कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **नरेन्द्र पुत्र स्व0 रामनाथ नि0- शाहपुर, चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **श्यामपाल सिंह पुत्र बीरपाल सिंह नि0- थियरमहोलिया तहसील व जिला हरदोई** मेरे पुत्र रूद्र प्रताप सिंह का हाईस्कूल मुख्य परीक्षा सन् 2022 अनुक्रमांक 1220981910 अंक पत्र/सहप्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है तथा मेरे पुत्र ने विद्या सिंह हाईस्कूल मंगली पुरवा हरदोई से संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा उत्तीर्ण की है।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
- आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
- डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
- पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
- नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
- हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क

खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

बादल छाए रहेंगे बूंदाबांदी व गरज के साथ बौछारे पड़ने की संभावना बनी रहेगी।

| 34.0° | 29.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 06:58 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

### शहर में आज

- **बैठक :** नगर निगम की बैठक गोल बिल्डिंग में सुबह 11:30 बजे।
- **बैठक :** कांग्रेस महानगर पदाधिकारियों की बैठक तिलक हॉल में शाम 5 बजे।
- **उद्घाटन :** जूही खलवापुल में पंपिंग स्टेशन में इलेक्ट्रॉनिक मोटर की शुरुआत शाम 4 बजे।
- **शरबत वितरण :** संत नगर यूथ कल्चरल सोसाइटी की ओर से संत नगर चौराहा पर शरबत वितरण दोपहर 12 बजे।

### चिड़ियाघर बंद रहेगा

**कानपुर।** बर्ड फ्लू की दहशत से कानपुर चिड़ियाघर कई दिनों से बंद चल रहा है। इसकी बंदी अब एक सप्ताह के लिए और बढ़ा दी गई है।

# लक्ष्य निर्धारण और लगातार पढ़ाई से हासिल की सफलता

## जेईई एडवांस्ड में बेहतर रैंक लाने वाले मेधावियों ने बताए अनुभव

**मेहनत का फल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जेईई एडवांस्ड का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी हो गया। सफलता हासिल करने वाले मेधावियों की पहली पसंद आईआईटी दिल्ली व बॉम्बे रही। दूसरे विकल्प के रूप में मेधावी बीएचयू व आईआईटी कानपुर को मान रहे हैं।

मेधावियों ने बताया कि यह उनके सटीक लक्ष्य निर्धारण व लगातार पढ़ाई का नतीजा है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही काकादेव क्षेत्र में मेले जैसा माहौल रहा। कोचिंग सेंटरों में पढ़ाई करने वाले युवा खुशी मना रहे थे। युवाओं ने अपनी कोचिंगों के बाहर डांस भी किया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


कालरा शुक्ला क्लासेज में मेधावी छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### कालरा शुक्ला के 19 छात्रों ने पाई सफलता

**कानपुर।** जेईई एडवांस्ड परीक्षा परिणाम में कालरा शुक्ला क्लासेज के 19 छात्रों ने बाजी मारी है। संस्थान में केक काटकर खुशियां मनाई गई। कालरा शुक्ला क्लासेज के चेयरमैन प्रो आरडी शुक्ला ने सभी सफल विद्यार्थियो व अपने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। बेहतर परिणाम हासिल करने वाले मेधावियों में कृष्णा पाण्डेय, अनुभव वर्मा, अनुष्का सिंह, ईशान सिंह, कृष्णा आजमानी, पुलकित अग्रवाल, हार्दिक ऋषि, आर्यन कटियार, संकल्प तिवारी, प्रत्यक्ष जायसवाल, शुभ गुप्ता, आदर्श शुक्ला, कुशाग्र बाजपेई, पुष्कल त्रिपाठी, शुयांस सिंह, कुशाग्र सिंह सेंगर शामिल हैं।

## आकाश के कुशाग्र बैंगाहा की 188 वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


सफल छात्रों का संस्थान में सम्मान किया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के कानपुर केंद्र के 16 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में टॉप प्रदर्शन किया है। इनमें छात्र कुशाग्र बैंगाहा ने जेईई एडवांस्ड में 188 रैंक हासिल की है। मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान और अभिभावकों को दिया है। मेधावी बच्चों का सेंटर में सम्मान किया गया।

कानपुर के कुशाग्र बैंगाहा ने जेईई एडवांस्ड में एआईआर 188 हासिल की है। छात्र ने बताया कि उनके पिता अशोक गुप्ता व्यापारी व मां कंचन गुप्ता गृहणी हैं।

कुशाग्र के अलावा कई अन्य छात्रों ने भी कानपुर शाखा से बेहतर प्रदर्शन किया, जिनमें अंश पटेल, ईशान उत्तम, शौर्य अवस्थी,

- आकाश एजुकेशनल के 15 मेधावी सफल

कुणाल कटियार, आयांश निरंजन, श्रेयांश त्रिवेदी, नियाज अहमद, शंतनु यादव, हिमांश वर्षणी, ऋतिक यादव, रुद्र भारती, आशुतोष तांगूरिया, आकाश पटेल, आयुष पटेल, और मोहम्मद राहिल शेख शामिल हैं। संस्थान की सफलता पर आकाश के क्षेत्रीय निदेशक डीके मिश्रा ने छात्रों को कहा कि यह परिणाम एईएसएल द्वारा छात्रों में स्थापित शैक्षणिक कठोरता और अनुशासन का प्रतिबिंब हैं।

### पहले प्रयास में पाई सफलता



संकल्प तिवारी ने अपने पहले ही प्रयास में परीक्षा में सफलता हासिल की है। बारादेवी निवासी छात्र को 6814 रैंक हासिल हुई है। संकल्प तिवारी ने बताया कि उनके पिता शशिकांत तिवारी एलएनटी हमीरपुर में कार्यरत हैं। मां पम्मी तिवारी गृहणी हैं। संकल्प ने बताया कि वे अब काउंसिलिंग में आईआईटी खड़गपुर व गुवाहाटी का प्रयास करेंगे। यदि यहां प्रवेश नहीं मिलता है तो अन्य संस्थानों की ओर रुख करेंगे।

### घर का सपोर्ट भी जरूरी



छात्र कृष्णा पांडे ने 855वीं रैंक हासिल की है। छात्र ने बताया कि उनके पिता हिमराज पांडे व्यापारी हैं और मां सरिता पांडे गृहणी। नमक फैक्ट्री निवासी छात्र ने बताया कि अब वे आईआईटी दिल्ली और आईआईएससी के लिए प्रयास करेंगे। मैथमेटिक्स कंप्यूटरिंग ब्रांच पसंद है। कृष्णा ने बताया कि बेहतर परिणाम के लिए घर का माहौल भी बेहतर होना चाहिए। अभिभावक सपोर्ट करते हैं तो वे अच्छी तरह से पढ़ाई करते हैं।

### दोस्तों से करें प्रतियोगिता



छात्र कृष्णा आजमानी ने बताया कि बेहतर परिणाम के लिए दोस्तों के साथ प्रतियोगिता करते रहना चाहिए। लाजपत नगर निवासी छात्र को 3759 रैंक हासिल हुई है। उनके पिता संजय आजमानी व्यापारी व मां सोनिया आजमानी गृहणी हैं। वे अब आईआईटी कानपुर व बीएचयू के लिए प्रयास करेंगे। ब्रांच में उन्हें इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पसंद है। रैंक के अनुसार वे अब बेहतर संस्थान का विकल्प चुनेंगे।

### अपनी कमियों को तलाशना चाहिए



छात्र पुलकित अग्रवाल ने अपने दूसरे प्रयास में परीक्षा में सफलता हासिल की है। छात्र को 5693 रैंक हासिल हुई है। बर्रा दो निवासी छात्र के पिता कौशल अग्रवाल शेयर कारोबारी हैं व मां स्वाती अग्रवाल गृहणी हैं। छात्र ने बताया कि वे इंजीनियरिंग के बाद एमबीए करना चाहते हैं। कहा कि बेहतर सफलता के लिए अपनी कमियों को पहचान कर उसे दूर करने का प्रयास करना चाहिए। इससे काफी सहायता मिलती है।

### लगातार पढ़ाई जरूरी



परीक्षा में सफलता के लिए लगातार पढ़ाई जरूरी है। जैसे-जैसे परीक्षा नजदीक आए वैसे पढ़ाई के घंटों को बढ़ाना चाहिए। यह कहना है छात्र आर्यन कटियार का। उन्होंने 6173 रैंक हासिल की है। आईआईटी परिसर में रहने वाले छात्र के पिता आलोक कटियार आईआईटी लेक्चर हॉल डिपार्टमेंट के हेड हैं। उनकी मां संध्या कटियार गृहणी हैं। छात्र ने बताया कि वे अब अपनी रैंक के अनुसार काउंसिलिंग में शामिल होंगे।

### सोशल मीडिया से बनाएं दूरी



छात्र शुभम गुप्ता ने 7447 रैंक हासिल की है। गीता नगर निवासी छात्र ने बताया कि उनके पिता महेंद्र कुमार गुप्ता एलआईसी में कार्यरत हैं। उनकी मां कल्पना गुप्ता गृहणी हैं। छात्र ने बताया कि उन्हें यह सफलता दूसरे प्रयास में हासिल हुई है। वे बीएचयू व आईआईटी रुड़की में पढ़ाई करना चाहते हैं। कहा कि परीक्षाओं की तैयारी करने के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनानी चाहिए। इससे ध्यान भटकता है।

## असुरक्षित भवन में पुलिस स्वयं करे अपनी सुरक्षा




कानपुर पुलिस आयुक्त कार्यालय परिसर में स्थित है पुलिस उपायुक्त पश्चिम का कार्यालय। ये जिस भवन में है वो भवन जर्जर असुरक्षित है। यह हम नहीं कह रहे, ये तस्वीर बयां कर रही है। जर्जर भवन के मुख्य द्वार पर असुरक्षित लिखा है जहां पुलिस अधिकारी अपने सहयोगी कर्मचारियों के साथ बैठ कर कार्य करते हैं। अधिकारियों ने जर्जर भवन में असुरक्षित लिख कर अपनी जिम्मेदारी निभा दी और सहयोगी पुलिस कर्मियों को अपनी सुरक्षा स्वयं करने के लिए बे-सहारा छोड़ दिया है। -मनोज तिवारी

## ऑपरेशन ब्लू स्टार के विरोध में काला दिवस मनाएंगे सिख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 4 से 6 जून तक सिख समाज काली पगड़ी व महिलाएं काला दुपट्टा पहनेंगी
- पंजाब से काला दिवस मनाने का पोस्टर आया, पूरे शहर में लगाने की तैयारी

**अमृत विचार।** श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के आदेशानुसार सिख समाज के लोग 4 जून से 6 जून तक तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय हुए ऑपरेशन ब्लू स्टार के विरोध में काला दिवस मनाएंगे। पंजाब से काला दिवस मनाने के लिए पोस्टर भी लाया गया है जो पूरे शहर में लगाया जाएगा। ये जानकारी उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) सरदार अजीत सिंह छाबड़ा ने दी है।

सोमवार को उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन की गोविंद नगर में बैठक हुई जिसमें तय हुआ कि श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशानुसार 4 जून से 6 जून तक सिख समाज काली पगड़ी एवं महिलाएं काला दुपट्टा पहनकर काला दिवस मनाएंगी। 6 जून को गुरुद्वारा संकट हरण सरसैया घाट में शाम 4:00 बजे सिख समाज की तरफ से ऑपरेशन ब्लू स्टार में शहीद सिखों के लिए अरदास की जाएगी। फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने दरबार साहिब अमृतसर पर हमला कर सैकड़ों निर्दोष सिखों को शहीद कर दिया था। उन्होंने कहा कि दरबार साहिब अकाल तख्त के हमले को सिख समाज कभी माफ नहीं करेगा। इस संदर्भ में गुरुद्वारों में इतिहास सुनाकर आने वाली पीढ़ी को जानकारी दी जाएगी। बैठक में फाउंडेशन के महानगर अध्यक्ष सरदार रविंद्र सिंह रिंकू, हरमीत सिंह, कुलबीर महाजन, चरणजीत सिंह बंटी, जसवीर सिंह सोढ़ी, शरणजीत कौर, सोनी, कमलजीत सिंह, मोदी, राजेंद्र सिंह जिंदी व दलजीत कौर आदि मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## हैलट में एआई तकनीक वाला नया अस्पताल


भूमिपूजन के दौरान मौजूद प्राचार्य प्रो. संजय काला, डॉ. मनीष सिंह व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अस्पताल में होंगे 20 प्राइवेट बेड और छह बेड का होगा आईसीयू

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में सर्जरी के लिए आने वाले मरीजों के लिए यह बेहद खास खबर है। उनको अब जटिल से जटिल सर्जरी के लिए लखनऊ, दिल्ली, मुंबई या प्राइवेट अस्पतालों की ओर दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। एआई तकनीक से लैस सर्जरी हैलट अस्पताल में ही होगी। इसके लिए ओपीडी के पीछे 26 बेड के सर्जरी विभाग का एक अस्पताल बनाया जा रहा है। यहां पर इलाज के साथ ही मेडिकल छात्र-छात्राएं अध्ययन भी करेंगे।

हैलट अस्पताल में 17 से 18 जिलों से मरीज इलाज के लिए आते हैं। बढ़ती हुई मरीजों की संख्या को देखते हुए सर्जरी विभाग का विस्तार किया जा रहा है, जिसके संबंध में सोमवार को ओपीडी के पीछे चिन्हित जगह पर नए सर्जरी विभाग के अस्पताल के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला व जीएसवीएसएस पीजीआई के प्रभारी डॉ.मनीष सिंह ने भूमिपूजन किया। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि 18.5 करोड़ रुपये की लागत से एक नया सर्जरी विभाग बनाया जाएगा, जिसमे 20 बेड का प्राइवेट वार्ड होगा और छह बेड का आईसीयू होगा। यहां पर मेडिकल छात्र-छात्राओं के लिए लैब होंगे, जिनको ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंश तकनीक से युक्त शिक्षा ग्रहण कराई जाएगी। एक माइनर ओटी भी बनेगी।

इस सर्जरी विभाग के अस्पताल को इसके बगल में प्रस्तावित सौ बेड के आईसीयू से जोड़ा जाएगा। अभी वर्तमान सर्जरी विभाग में आठ मॉडयूलर ओटी की सुविधा है, जहां पर मरीजों के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। नया अस्पताल बनने से मेडिकल छात्र-छात्राओं को नई तकनीक के अध्ययन में विशेष जानकारी उपलब्ध होगी, जिसका सीधा लाभ मरीजों को मिलेगा।

**जनसुविधा** नगर निगम का सदन आज, प्रदेश में एक समान नामांतरण शुल्क लागू करने पर होगा फैसला

# मुहर लगी तो नामांतरण के लिए अधिकतम 10 हजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।




- गृहकर में 10% छूट के साथ हर वार्ड में 30-30 पोल व स्ट्रीट लाइटें लगाने समेत 11 प्रस्ताव शामिल

### नगर निगम के लिए यह व्यवस्था होगी

- कानूनी उत्तराधिकारी या पंजीकृत वसीयत के अनुसार 1 हजार वर्ग तक अब 1 हजार रुपये देने होंगे। इसी तरह 1 से 2 हजार वर्ग गज में 2 हजार, 2 से 3 हजार वर्गगज में 3 हजार, व 3 हजार वर्गगज से अधिक में 5 हजार रुपये नामांतरण के देने होंगे। इसी तरह खरीदी गई संपत्ति का मूल्य यदि 5 लाख तक है तो उसमें 1 हजार रुपये देना होगा। इसी तरह 5 से 10 लाख में 2 हजार, 10 से 15 लाख में 3 हजार, 15 से 50 लाख तक 5 हजार व 50 लाख से अधिक पर 10 हजार रुपये देने का नया नियम है।

**अमृत विचार।** प्रदेश में एक समान नामांतरण शुल्क लागू करने के लिये शासन की ओर से तैयार किए गए मानक उपविधि (बाइलाज)-2025 को आज नगर निगम सदन में रखा जायेगा। सदन की सहमति के बाद इसपर जनता की आपत्ति ली जायेगी। प्रस्ताव पास होने के बाद अब नगर निगम से सम्पत्ति का नामांतरण के लिये अधिकतम 10 हजार रुपये ही लगेंगे। कानपुर नगर में नामांतरण को लेकर असमानता को लेकर तमाम संगठन विरोध कर रहे थे। जनप्रतिनिधि भी इस असमानता के समर्थन में नहीं थे। जिसके बाद शासन की ओर से नई उपविधि को लागू कर दिया है। नगर निगम सदन में मुहर लगने के बाद शहरियों को फायदा होगा।

नगर निगम सदन में नामांतरण के साथ ही कुल 11 प्रस्ताव रखे जाएंगे। इस दौरान 31 जुलाई तक गृहकर जमा करने वाले भवन स्वामियों को 10 फीसदी छूट के प्रस्ताव पर भी मुहर लग सकती है। बैठक के एजेंडे में हर वार्ड में 30-30 पोल व स्ट्रीट लाइटें लगाने के साथ ही पार्कों में बाउंड्रीवाल के साथ एक बड़ा और एक ही छोटा गेट लगाने, प्रत्येक वार्ड में गली नंबर, मोहल्ला, पता लिखे हुए स्टील के बोर्ड लगाने का प्रस्ताव शामिल है। पार्षद अभिषेक गुप्ता मोनू, पवन पांडेय, आकर्ष बाजपेयी, यशपाल सिंह, योगेंद्र शर्मा, धीरेंद्र कुमार ने 5 मई हुई कार्यकारिणी की समिति की बैठक में पतंग मांझा संबंधी प्रस्ताव रखा था, इसे सहमति दी गई थी। अब यह प्रस्ताव सदन में रखा जाना है।

पार्षद अभिषेक गुप्ता मोनू ने बताया कि पतंगबाजी की चपेट में आकर कई राहगीर घायल हो जाते हैं। जिसपर शहर के तमाम प्रमुख पुलों पर पोल के जरिये तारों को लगाने के लिये कहा है।

## केडीए की 143वीं बोर्ड बैठक कल

**कानपुर।** केडीए की 143वीं बोर्ड बैठक 4 जून को होगी। बैठक में न्यू कानपुर सिटी का नया ले-आउट समेत 15 प्रस्ताव रखे जाएंगे। प्राधिकरण की वित्तीय वर्ष 2023-24 की बैलेंसशीट का अनुमोदन के साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय व्यय के सापेक्ष उपलब्धियां और वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का खाका रखा जायेगा। बैठक में बेसमेंट में शौचालय बनाने संबंधी प्रस्ताव पर भी मुहर लग सकती है। चकेरी में 600 वर्गमीटर जमीन मुख्यमंत्री श्रमजीवी छात्रावास को और 5500 वर्ग मीटर भूमि न्यायिक अधिकारियों के गेस्ट हाउस के निर्माण के लिये निशुल्क देने का प्रस्ताव रखा जायेगा।

# ट्रांसगंगा सिटी पुल को अगले हफ्ते मिलेगी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**799** करोड़ रुपये खर्च होने हैं प्रोजेक्ट पर

**04** लेन में बनेगा ट्रांसगंगा सिटी की तरफ से

**02** लेन साढ़े 12-साढ़े 12 मीटर की होंगी



- वित्त एवं व्यय समिति की बैठक में रखा जाएगा प्रोजेक्ट
- प्रमुख सचिव वित्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी लेगी फैसला

### पुल इस तरह होगा

- पुल ट्रांसगंगा सिटी की तरफ से शुरू होगा तो यह चार लेन का होगा, लेकिन गंगा में आकर इसका आकार वाई हो जाएगा। लखनऊ की ओर से आने वाले वाहन धोबी घाट पर आकर उतरेंगे और भैरवघाट मार्ग होते हुए खलासी लाइन मार्ग रेव-3 के समीप एमराल्ड मार्ग होते हुए शहर में आएंगे। जबकि शहर से ट्रांसगंगा सिटी, उन्नाव, लखनऊ की ओर जाने के लिए रानी घाट होते हुए पुल पर चढ़ेंगे। लोग रानी घाट पर भैरवघाट मंदिर व जलकल के पंप हाउस के मध्य से होते हुए पुल पर जाएंगे।

**अमृत विचार।** ट्रांसगंगा सिटी से वीआईपी रोड को जोड़ने के लिए प्रस्तावित फोर लेन पुल के निर्माण के प्रस्ताव को अगले हफ्ते प्रमुख सचिव वित्त की अध्यक्षता वाली वित्त एवं व्यय समिति से हरी झंडी मिल जाएगी। इस प्रोजेक्ट को कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। अब सिर्फ बजट स्वीकृत होना है। यह स्वीकृति समिति ही देगी। उद्योग विभाग से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट और प्रस्ताव समिति के पास भेज दिया गया है। इस प्रोजेक्ट पर 799 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। पूरी की पूरी राशि शासन से ही मिलने की उम्मीद है। वाई आकार का यह पुल ट्रांसगंगा सिटी की तरफ से चार लेन में बनेगा और गंगा में आकर दो हिस्सों में विभाजित होगा और दो- दो लेन का हो जाएगा। दो- दो लेन साढ़े 12-साढ़े 12 मीटर की होंगी।

कानपुर से उन्नाव और लखनऊ आने जाने के लिए अभी जाजमऊ पुल या शुक्लागंज पुल पर जाम से जूझना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए ही शुक्लागंज पुल के समानांतर फोर लेन पुल बनाने की योजना है। यह प्रोजेक्ट मंजूर हो चुका है और इसके निर्माण के लिए बजट भी आवंटित हो गया है। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू होनी है। इसी तरह अब वीआईपी रोड से ट्रांसगंगा सिटी तक पुल बनाने की योजना को अमलीजामा पहनाने की तैयारी चल रही है। इसके बन जाने से आर्यनगर, स्वरूप नगर, पी रोड, गोविंदनगर, दादानगर, विजय नगर, सीटीआई आदि इलाकों के लोगों को लखनऊ आना जाना आसान हो जाएगा। उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण बोर्ड में मंजूरी के बाद प्रोजेक्ट को कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा गया था। कैबिनेट से भी मंजूरी मिलने के बाद अब वित्त एवं व्यय समिति के पास भेज दिया गया है। समिति की बैठक अगले हफ्ते होनी है। ऐसे में प्रोजेक्ट वहां से पास हो जाएगा। इसके बाद सेतु निर्माण निगम की लखनऊ इकाई प्रोजेक्ट के लिए टेंडर करेगी।

# न आंधी-न बारिश, फिर भी बिजली गुल

## फाल्ट और मरम्मत के कारण 30 से अधिक क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रही, हजारों उपभोक्ता परेशान

जनसमस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बिना सुरक्षा उपकरणों के मरम्मत करता बिजली कर्मी। अमृत विचार



**अमृत विचार।** शहर में सोमवार शाम तक न आंधी आई और न ही बारिश हुई, लेकिन बावजूद इसके 30 से अधिक क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। शुक्रवार को आई आंधी में क्षतिग्रस्त हुए पोल का मरम्मतकार्य सोमवार को भी चला। इस वजह से भी बिजली का संकट रहा। हालांकि मौसम थोड़ा नरम होने पर लोगों को गर्मी से बहुत परेशानी नहीं हुई, लेकिन पानी का संकट जरूर गहरा गया।

केशवनगर, आवास विकास व रावतपुर गांव में बिजली सुबह 11 बजे गुल हो गई थी, जो शाम को पांच बजे तक आ सकी। इसके अलावा हर्ष नगर, स्वरूप नगर, ओमपुरवा, विकास नगर, यशोदा नगर, रविंद्र नगर, वाजिदपुर, जाजमऊ, पराग डेयरी, बंगाली मोहाल, कौशलपुरी, कल्याणपुर गूबा गार्डन, छबिलेपुरवा, बैरी बिठूर, गल्लामंडी, दयानंद विहार, हंसपुरम, आवास-विकास, पशुपति नगर, हॉर्समैन व किदवई नगर समेत 30 से अधिक क्षेत्र में बिजली संकट रहा, जिसकी वजह से 50 हजार से अधिक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आरोप है कि केस्को के टोल फ्री नंबर पर सटीक जानकारी अवगत नहीं कराई गई, एक्स अकाउंट पर दिए गए समयानुसार बिजली भी नहीं आ सकी। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि नई डाली गई एलटी एबीसी लाइन में डीबी बॉक्स लगाने व उपभोक्ताओं के कनेक्शन करने की वजह से 80 फीट रोड, आंधी के कारण क्षतिग्रस्त हुए पोल को बदलने की वजह से गुजैनी क्षेत्र, पॉवर ट्रांसफार्मर में तकनीकी समस्या आने की वजह से हंसपुरम, आवास विकास, बौद्ध नगर व राजीव विहार की बिजली कुछ समय के लिए बाधित हो गई थी। इसके अलावा आउटडोर केबिल बॉक्स क्षतिग्रस्त होने के कारण टेलीफोन एक्सचेंज व वाटर पार्क फीडर की आपूर्ति बाधित हुई थी, मरम्मत कार्य के बाद तत्काल आपूर्ति बहाल की गई।



वर्तमान में केस्को की व्यवस्था डगमगा गई है। क्योंकि उपभोक्ताओं को पहले बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है, इसके बाद बिजली के बिल का भुगतान करने के लिए परेशान हो रहे।

**पुष्पांक यादव खलासी लाइन**



केस्को द्वारा पहले मैसेज कर बिजली के बिल का भुगतान करने के संबंध में अवगत कराया जा रहा था, लेकिन वर्तमान में यह सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है और लाइट कटने का डर रहता है।

**-अंकित यादव, सरोजनी नगर**



बिजली से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल की या कराई जाती है तो सटीक जानकारी इन दिनों उपलब्ध नहीं हो रही है, सबस्टेशन में स्पष्ट जानकारी भी नहीं मिल रही।

**-नीरज सविता, कर्रही**

## बिजली के बिल का भुगतान करने में भी आ रही दिक्कत

**कानपुर।** केस्को उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बिजली बिल भुगतान करने में समस्या आ रही है। ऑनलाइन बिल का मैसेज भी नहीं आ रहा है। कुछ सबस्टेशनों में बिल का भुगतान तो करा लिया जा रहा है, लेकिन रसीद नहीं दी जा रही है। शहर में कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी के करीब साढ़े सात उपभोक्ता हैं, जिनमे से एक लाख 52 हजार उपभोक्ता स्मार्ट मीटर धारक हैं। प्रतिदिन हजारों लोगों को बिजली संकट का सामना तो करना ही पड़ रहा है और बिजली के बिल का भुगतान करने में भी दिक्कत आ रही है। कई उपभोक्ताओं के पास ऑनलाइन बिल का भुगतान करने का केस्को की ओर से मैसेज नहीं पहुंच रहा है, जबकि कुछ जगहों पर मीटर रीडर रीडिंग निकालने नहीं पहुंच रहे हैं।

केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि बिल के भुगतान के लिए मैसेज क्यों नहीं जा रहे है, इस संबंध में आईटी सेल से वार्ता करके समस्या का निस्तारण कराया जाएगा। मीटर रीडर समय पर उपभोक्ताओं के पास मीटर की रीडिंग के लिए जाते हैं, अगर कोई रीडर नहीं जा रहा है तो उसके खिलाफ जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## बिकरू कांड में जयकांत की जमानत याचिका मंजूर

**कानपुर।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुचर्चित बिकरू कांड के आरोपी जयकांत वाजपेयी की दूसरी जमानत याचिका सशर्त स्वीकार कर ली है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकलपीठ ने जयकांत वाजपेयी उर्फ जय की जमानत याचिका को स्वीकार किया। याची के खिलाफ आईपीसी, क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट की धारा 7 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन चौबेपुर, जिला कानपुर नगर में मामला दर्ज कराया गया था। पिछले 5 वर्षों से याची जेल में बंद है। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 102 गवाह हैं, जिनमें से केवल 13 की अब तक जांच की गई है। सह-अभियुक्त उमाशंकर यादव उर्फ टांके को जमानत मिल चुकी है, साथ ही अन्य कई सह-अभियुक्तों की भी दूसरी जमानत याचिका स्वीकार कर ली गई है। ऐसे में याची भी जमानत का हकदार है। बता दें कि बिकरू कांड में मुख्य आरोपी विकास दूबे के खिलाफ दबिश देते समय 8 पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई थी। जिसमें 60-70 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था और 21 को नामजद किया गया था।



# मांगों को लेकर चकेरी एसीपी से मिले व्यापारी

**चकेरी।** अहिरवां में ज्वैलरी की दुकान और फल विक्रेता के घर हुई लाखों की चोरियों का खुलासा न होने व जाम की समस्या समेत छह मांगों को लेकर व्यापारियों ने एसीपी चकेरी से मुलाकात की। साथ ही अपनी मांगों को ज्ञापन भी सौंपा।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल व्यापारी एसीपी चकेरी एसएस रामटेके के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसीपी चकेरी को बताया कि चकेरी के अहिरवां में ज्वैलरी की दुकान और फल विक्रेता के घर पर लाखों की चोरी हुई थी। लेकिन सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी पुलिस अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच सकी है। अहिरवां चौकी प्रभारी से संपर्क करो तो वे व्यापारी नेता पर ही तंज कसते हैं। इसके अलावा चकेरी के दो सड़क पुलिया व महाराजपुर क्षेत्र के अंतर्गत महाराजपुर और सरसौल अंडरपास पर रेहड़ी पटरी की दुकानें लगने से जाम की स्थिति बनी रहती है। ॉ चकेरी अंडर पास में लोग विपरीत दिशा से आते हैं। जिसके लिए भी कोई मार्ग निर्धारित किये जाने समेत छह मांगों को लेकर एसीपी को ज्ञापन भी दिया।

# सड़कों से सिल्ट हटाएं, दुर्घटना हुई तो होंगे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मुख्य अभियंता के साथ नाला सफाई का निरीक्षण करते नगर आयुक्त सुधीर कुमार।

**अमृत विचार।** शहर में हो रही नाला सफाई का औचक निरीक्षण सोमवार को नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने किया। रावतपुर से गीतानगर तक सड़क किनारे पड़ी सिल्ट देख नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई और जल्द सिल्ट हटवाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जोन 6 में कई स्थानों पर नाला सफाई का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि यदि दुर्घटना हुई तो इसके जिम्मेदार आप लोग होंगे।

नगर आयुक्त सुधीर कुमार अपर नगर आयुक्त आवेश खान व मुख्य अभियंता एसएफए जैदी के साथ सबसे पहले रावतपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां से गीता नगर क्रासिंग तक नाली सफाई का कार्य देखा। जिसपर जोनल स्वच्छता अधिकारी जोन-6 को निर्देशित किया कि सिल्ट उठान का कार्य जल्द से जल्द कराया जाए। मसवानपुर कर्बला मैदान के पास नाला सफाई का कार्य मशीन द्वारा होते पाया गया। नगर आयुक्त ने जोनल अभियंता-6 आरके सिंह को निर्देश दिए कि नाले की सिल्ट उठान का कार्य जल्दी कराया जाए जिससे गंदगी दोबारा नाले में न जाए उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जाए, जिससे किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

इसी तरह नगर आयुक्त ने पनकी वार्ड-57 में अवधेश पांडे के मकान से पनकी गौशाला तक नाला सफाई के कार्य का मुआयना किया यहां भी कार्य होता मिला। जोन 3 में केस्को स्टेशन चौराहे का निरीक्षण में धंसी हुई पुलिया निर्माण करने के निर्देश मुख्य अभियंता को दिये।

मांगें — कुर्बानी के बाद जानवरों के अवशेष को उठवाने के लिए विशेष टीमें लगाएं, 24 घंटे बिजली-पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो

# बकरीद पर सफाई, बिजली-पानी की विशेष व्यवस्था की जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बकरीद को लेकर मुस्लिमों के साथ बैठक करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बकरीद के मद्देनजर पुलिस ऑफिस के सभागार में कानपुर कमिश्नरेट के संयुक्त पुलिस आयुक्त आशुतोष कुमार की अगुवाई में मुस्लिम बुद्धिजीवियों के साथ बैठक हुई। जिसमें शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी, शहरकाजी हाफिज मामूर अहमद, गद्दियाना ईदगाह के पेशइमाम मौलाना हाशिम अशरफी, मौलाना गुलाम कादिर शाहिदी आदि ने शिरकत की।

वक्ताओं ने कहा कि 7,8,9 जून को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार मनाया जाएगा। 7 जून की सुबह शहर की मस्जिदों और ईदगाहों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की जायेगी। मांग की गई कि त्योहार के तीनों दिन घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के लिए टीम लगाई जाएं।

कुर्बानी के उपरांत जानवरों के अवशेष के लिए जगह-जगह कंटेनर रखे जाएंगे और गंदगी उठवाने के लिए नगर निगर की विशेष टीम गठित की जाए। चूने का छिड़काव एवं कीटनाशक दवाओं का छिटड़काव कराया जाए। मस्जिद, ईदगाह और बाजारों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। त्योहार पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ईदगाह रास्ते की खस्ताहाल सड़कों को ठीक कराएं। ट्रैफिक डायवर्जन की उचित व्यवस्था हो।



पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को ज्ञापन देते शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी।

### जानवर ला रहे किसानों से मारपीट पर रोक लगाएं

सोमवार को उत्तर प्रदेश जमीअत उलमा के उपाध्यक्ष एवं शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी की अगुवाई में उलेमा के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए बकरीद के लिए कई मांग की। कहा, कुछ शरारतीतत्व जानवर लेकर बाजार आ रहे किसानों से मारपीट कर रहे हैं और उनके जानवरों को जब्त कर रहे हैं। ऐसे शरारतीतत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए और किसानों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करें। शहरकाजी ने पुलिस कमिश्नर से कहा कि मवेशी लदी गाड़ी को न रोकें और यदि रोकें भी तो पूछताछ कर तत्काल उन्हें छोड़ दें। प्रतिनिधिमंडल में मास्टर महमूद रशीद, मौलाना अब्दुल कादिर कासमी, मौलाना मुफ्ती उसामा रहमान, मौलाना मुफ्ती उमर फारूक हादी कासमी, मौलवी मंजर हुसैन इत्यादि मौजूद थे।

# संदीप ठाकुर की हिस्ट्रीशीट बंद होने की होगी जांच

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- 30 मई को प्रधानमंत्री का स्वागत करने पहुंच गया था संदीप ठाकुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री का एयरफोर्स स्टेशन चकेरी में स्वागत करते हुए भाजपा के दागी नेता संदीप ठाकुर का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने इस तस्वीर को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर सवाल उठाए। वहीं दूसरी तरफ पीएम की सुरक्षा में चूक को लेकर पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो संदीप की हिस्ट्रीशीट खत्म की जा चुकी है।

डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि संदीप ठाकुर पर जो मुकदमे थे, उनकी कोर्ट में जांच कराई गई है। इन मुकदमों में 3 में फाइनल रिपोर्ट या चार्जशीट लग चुकी है। 5 मामलों में दोषमुक्त किया जा चुका है। वहीं 3 मामलों की फाइल नहीं मिल रही है जबकि चार मुकदमों का ट्रायल चल रहा है। एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर आशुतोष कुमार ने बताया कि हिस्ट्रीशीट व्यक्ति के मरने पर ही बंद होती है। हिस्ट्रीशीट गलत तरीके से बंद की गई है, जिसकी जांच के आदेश दिए गए हैं। जिन पुलिस कर्मी ने हिस्ट्रीशीट बंद की थी, उनकी भी जांच की जा रही है। संदीप ने कहा, मेरे ऊपर जो भी आपराधिक मुकदमे दर्ज थे, सभी राजनैतिक द्वेष के चलते दर्ज कराए गए थे। छात्र राजनीति के समय का ही एक हत्या का मुकदमा था, जिसमें कानपुर कोर्ट ने मुझे बरी कर दिया है। हिस्ट्रीशीट को लेकर पुलिस क्या कर रही है? इसकी मुझे जानकारी नहीं है।

## सार-संक्षेप



लोगों को भंडारे का प्रसाद बांटा गया।

### सात जून को अमरनाथ रवाना होगी गाड़ी

**कानपुर।** श्री अमरनाथ बाबा के भक्तों के भंडारे (प्रसाद) के रूप में खाद्य पदार्थ सामग्री समिति इस बार 7 जून को भंडारे का सामान लेकर अमरनाथ बाबा बर्फानी के लिए गाड़ी प्रस्थान करेगी। सोमवार को किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी, उनकी पत्नी आशा त्रिवेदी द्वारा कार्यालय पर सभी भक्तों को भंडारा प्रसाद वितरण किया। इस दौरान हरिशंकर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सचिन दुआ, संजय अरोड़ा, रामकुमार पाठक, कमल चावला, विपुल शाह, सनातन संगम के अध्यक्ष विजेंद्र मक्कड़, गोपाल शुक्ला, पप्पन मिश्रा व सनी लांबा आदि रहे।



आशा की किरण संस्था के केंद्र में मौजूद बच्चे।

### शिक्षा केंद्र के बच्चों ने किया नाम रोशन

**कानपुर।** आशा की किरण संस्था द्वारा संचालित निशुल्क व निरंतर शिक्षा केंद्र में पीजी से कक्षा आठ तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। बच्चों के वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन और सभी के सफलतापूर्वक कक्षा उत्तीर्ण करने की खुशी में संस्था द्वारा उनका सम्मान किया गया। संस्था के 18 बच्चों ने प्राथमिक विद्यालयों जैसे मेरियमपुर, विकास हिन्द और क्वीन मेमोरियल में पढ़ते हुए टॉप किया है। यह उपलब्धि संस्था के शिक्षकों की मेहनत और बच्चों की लगन का परिणाम है। संस्था का उद्देश्य है कि हर बच्चे को शिक्षा का समान अवसर मिले और वह अपने सपनों को साकार कर सके।




सर्जरी की जानकारी देते डॉ .अभिषेक त्रिवेदी।

### डॉ. अभिषेक त्रिवेदी ने की बेहद जटिल सर्जरी

**कानपुर।** लखनऊ निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग को कैंसर हो गया था। जिसके कारण उनकी जांघ की हड्डी खराब हो गई थी। वह इलाज के लिए मॉलरोड स्थित नार्थ स्टार हॉस्पिटल पहुंचे, यहां पर ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. अभिषेक त्रिवेदी ने कूल्हे से लेकर घुटने तक पूरी जांघ बदल दी। डॉ .अभिषेक का दावा है कि इस तरह की जटिल सर्जरी करने वाले वह प्रदेश के एक मात्र आर्थोपेडिक सर्जन हैं। इससे पहले यह विशेष सर्जरी प्रदेश में कभी किसी हॉस्पिटल में या किसी आर्थोपेडिक सर्जन द्वारा नहीं की गई है। बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज को चलने में दिक्कत नहीं होगी।

### नमीषा मिश्रा को स्टैंडिंग एकेडेमिक एक्सीलेंट अवार्ड

**कानपुर।** कौशलपुरी निवासी पीएनबी के सेवानिवृत्त चीफ मैनेजर कमल त्रिवेदी की नातिन नमीषा मिश्रा को अमेरिका में आउट स्टैंडिंग एकेडेमिक एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड नमीषा को शिक्षा और खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए दिया गया। रोटेरियन कमल त्रिवेदी के मुताबिक किसी भारतीय नागरिक की छात्रा को पहली बार यह अमेरिकी अवॉर्ड मिला है। इसके लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर से व्हाइट हाउस से अवॉर्ड पत्र जारी हुआ था। कमल त्रिवेदी ने बताया कि दामाद राहुल मिश्रा अमेरिका के फिलाडेल्फिया में एक अमेरिकन कंपनी में सीनियर ऑफिसर हैं और बेटी पारुल डॉक्टर है। नातिन नमीषा मिश्रा का चयन जूनियर एलेवन क्रिकेट टीम में भी हुआ है। वह कराटे की भी रेड लेवल बेल्ट प्राप्त कर चुकी हैं।



आउट स्टैंडिंग एकेडेमिक एक्सीलेंट अवार्ड से सम्मानित नमीषा मिश्रा।

# पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़क बनी मुसीबत

## उड़ती धूल से दुकानदार और राहगीर परेशान हो रहे, आवागमन में भी हो रही है परेशानी, लगता जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पाइप लाइन डालने के लिए सर्वोदय नगर से देवकी चौराहा और नीरक्षीर चौराहा से डबल पुलिया तक की गई खोदाई बड़ी मुसीबत बन गई है। सर्वोदय नगर में बड़ा गड्ढा खोदा गया है। इस वजह से जाम लगता है। उड़ती धूल से हर कोई परेशान है। सड़क पर गिट्टी डाल कर जल निगम ने छोड़ दिया है। अब यह गिट्टी भी हादसे का सबब बन रही है। हालत यह है कि हर दिन दो से चार बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरते हैं और चुटहिल होते हैं। धूल उड़ने से हो रहे प्रदूषण का संज्ञान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी नहीं ले रहा है।

जेएनएनयूआरएम के तहत डाली गई पाइप लाइनों के बार- बार लीक होने और टेस्टिंग के दौरान फटने की वजह से ही तय किया गया था कि जिन इलाकों में ज्यादा बार पाइप फटने की समस्या है वहां नए सिरे से लोहे की पाइप डाली जाएगी। पाइप लाइन डालने का काम तो युद्ध स्तर पर चल रहा है लेकिन सड़क बनाने में लापरवाही हो रही है। काकादेव में सर्वोदय नगर से देवकी चौराहा के तक पाइप लाइन पड़ गई है। खोदे गए हिस्से पर मिट्टी को लेवल करने के बाद गिट्टी भी बिछाई गई लेकिन सड़क बनाने का काम शुरू नहीं किया गया। अब सर्वोदय नगर में फिर लीकेज पकड़ में आया तो दोबारा खोदाई कर दी गई। खोदाई स्थल पर जबरदस्त जाम लगता है। जबकि अन्य हिस्सों में जहां गिट्टी बिछाई गई है वहां लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। नीरक्षीर चौराहा से देवकी चौराहा तक खोदाई तो हुई है और कुछ हिस्से में मिट्टी को लेवल भी कर दिया गया है लेकिन यहां पाइप लाइन डालने का काम धीमा है।


सर्वोदय नगर में खोदी गई सड़क। अमृत विचार

● सड़क पर गिट्टी डाल कर जल निगम ने छोड़ दिया, हो रहे हादसे

### ---------- बोले लोग ----------


पाइप लाइन डालने के बाद तत्काल सड़क बनाने का काम होना चाहिए। धूल उड़ने से प्रदूषण हो रहा है और कारोबारी भी परेशान हैं, क्योंकि उनका माल खराब हो रहा है।
-कार्तिक


जल निगम लापरवाही कर रहा है। गिट्टी डालकर छोड़े जाने से वाहन सवार गिरते हैं। इस समस्या का समाधान बहुत ही जरूरी है। सर्वोदय नगर में जाम भी बहुत लग रहा है।
-बिलाल


ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि पाइप लाइन डालने के साथ ही सड़क भी बना दी जाए ताकि आवागमन में किसी तरह की समस्या न आए। लेकिन बारिश आने वाली है चिंता किसी को नहीं है।
-बॉबी


मानसून कभी भी आ सकता है। बरसात में तो किसी भी स्थिति में सड़क नहीं बन सकेगी इसलिए जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कर देना चाहिए। सड़क नहीं बनी तो बारिश में हादसे बढ़ेंगे।
-इमाद

## 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में शिरकत करेंगे कृषि मंत्री

**बिल्हौर।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही आज अरौल में आयोजित होने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में आज कृषि मंत्री सूर्य प्रताम शाही मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। वे कार्यक्रम में मौजूद किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और स्थानीय प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर व्यापक तैयारियां की गई हैं, और बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने की संभावना है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य किसानों को नई किस्मों, सिंचाई के उन्नत तरीकों, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और जैविक खेती के बारे में जानकारी प्रदान करना है। उपनिदेशक कृषि अरूण चौधरी ने बताया कि जनपद के 135 गांव में ये अभियान चल रहा है जिसके तहत किसानों को उन्नतिशील कृषि की जानकारी दी जा रही है।

# डीसीएम चालक को लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने शनिवार देर रात डीसीएम चालक के साथ लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने लूट के माल समेत गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

मैनपुरी के थाना ओरछा, ग्राम नगला भजन निवासी रामवीर सिंह यादव पुत्र रवीचंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था, कि शनिवार रात वह डीसीएम में सामान लादकर कानपुर से बाया बिल्हौर होते हुए लखनऊ जा रहा था। तभी रात करीब 1:30 बजे क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने मोड़ पर लघुशंका करने के लिये रुका था। तभी पीछे से बिना नंबर की काले रंग की बाइक से आए युवकों ने उसका मोबाइल व जेब में पड़े 5000 रुपये छीन लिए। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। रविवार रात पेट्रोलिंग के दौरान उपनिरीक्षक विजय प्रकाश, दीपक कुमार, विशाल वर्मा व कांस्टेबल पंकज कुमार वर्मा ने संदिग्ध अवस्था में खड़े युवकों को टोका तो वे ने भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान युवकों ने अपने नाम क्रमशः किशन कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम निकावा, थाना तालग्राम कन्नौज व विकास पुत्र विनोद निवासी मक्कापुरवा, थाना शिवराजपुर बताया। तलाशी के दौरान युवकों के पास से चोरी के 9 एंड्रॉयड फोन, एक कीपैड फोन व 1200 नकद बरामद हुए। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने शनिवार रात मरियानी गांव के निकट डीसीएम चालक के साथ लूटपाट की वारदात कबूल की है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।


विकास और किशन कुमार। अमृत विचार

# जांच के बाद भी नहीं हट रहा अवैध अतिक्रमण

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** ब्लॉक शिवराजपुर के हिंदूपुर में सरकारी ऊसर की जमीन (गाटा संख्या 40) पर अवैध कब्जे और पक्के निर्माण का मामला सामने आया है। अखंड भारत सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक राणा ने अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है।

उन्होंने बताया कि गांव के कुछ लोगों द्वारा संगठन को लिखित में जानकारी दी गई कि हिंदूपुर ग्राम सभा में ऊसर पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण किया गया है। इसके बाद, अखंड भारत सेना ने 4 अप्रैल को जनसुनवाई पोर्टल पर मुख्यमंत्री से इसकी शिकायत की थी। शिकायत के बाद, 30 अप्रैल को लेखपाल ईशा शुक्ला द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें शिकायत को सत्य पाया गया। हिंदूपुर ग्राम सभा की गाटा संख्या 40, जो सरकारी अभिलेखों में ऊसर दर्ज है, उस पर उमा शुक्ला और नन्हे ने कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। लेखपाल द्वारा कब्जा धारकों को कब्जा खाली करने के लिए 7 दिन का नोटिस दिया गया, लेकिन अभी तक न तो कब्जा खाली कराया गया है और न ही कोई कानूनी कार्रवाई हुई है उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि मामला संज्ञान में है किसी कारण वश कार्यवाही नहीं हो सकी है। जल्द ही नायाब तहसीलदार की अगुवाई में टीम भेज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार कार पलटी, चालक घायल

संवाददाता,चौबेपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में बंदीमाता ओवर ब्रिज के निकट हाईवे पर सोमवार शाम तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बीच मार्ग पर पलट गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसके सिर में लगी गंभीर चोटों को देखते हुए उसे हैलट अस्पताल, कानपुर रेफर कर दिया।

सी ब्लॉक पनकी, कानपुर नगर निवासी रतनदीप पाल पुत्र स्व एनआर पाल सोमवार को कार द्वारा कन्नौज से घर वापस लौट रहे थे। तभी कस्बे में बंदी माता ओवरब्रिज के सामने हाईवे पर उनकी तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर बीच मार्ग पर पलट गई। इससे वहां पर हड़कंप मच गया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार को सीधा कराकर उसमें फंसे रतनदीप को बाहर निकाला और उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। वहां पर मौजूद डॉक्टर ने उनके सिर में गंभीर चोटों को देखते हुए उसे हैलट रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार राठौर ने बताया कि तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी है, जिसमें कार का चालक घायल हो गया है।


दुर्घटनाग्रस्त खड़ी कार। अमृत विचार

● कस्बे के निकट सोमवार शाम हाईवे पर हुआ हादसा

### प्रकृति की सुंदरता



प्रकृति की सुंदरता से मानसिक शांति तो मिलती ही है। तनाव और चिंता से दूर आत्मिक सुख का भी अनुभव होता है। यह प्राकृतिक सुंदरता पेड़- पौधे, फूल, पशु-पक्षी, पहाड़, झरना और जंगल के रूप में हो सकती है। चौबेपुर कस्बे में बंदी माता तिराहा के समीप जीटी रोड के किनारे खड़े शीशम के सूखे पेड़ पर फैली जंगली बेल और उसके सुर्ख लाल फूल बरबस ही राह गुजरते लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं। दिल के आकार में लाल रंग के घने फूल वाकई दिल को सकून पहुंचाते हैं। ● शैलेश शुक्ला

# जीएसटी समस्याओं के लिए हेल्प लाइन नंबर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** व्यापारियों की जीएसटी संबंधी समस्याओं के लिए इसी महीने एक हेल्प लाइन नंबर जारी किया जाएगा। इस हेल्प लाइन नंबर में विभाग में व्यापारी तुरंत ही अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इसके अलावा हर महीने के दूसरे मंगलवार को अब व्यापारियों और जीएसटी अधिकारियों के बीच बैठक होगी। इस बैठक में व्यापारी अपनी समस्याएं सीधेतौर पर अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगे। हेल्प लाइन नंबर पर आने वाली समस्याएं और शिकायतें भी इसी बैठक में रखी जाएंगी।

यह निर्णय सोमवार को जीएसटी अधिकारी और व्यापारी-उद्यमी संगठनों के बीच हुई बैठक में लिया गया। बैठक का नेतृत्व एमएलसी डॉ. अरुण पाठक ने किया। बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल सहित अन्य संगठन शामिल हुए। जीएसटी अधिकारियों की ओर से अपर आयुक्त ग्रेड वन आरएस विद्यार्थी को व्यापारियों व अधिकारियों ने व्यापार संबंधी समस्याएं बताईं। व्यापारियों की ओर से कहा गया कि अधिकारी छोटी सी समस्या होने पर भी उन्हें परेशान करते हैं। इस समस्या से उन लोगों का व्यापार काफी प्रभावित होता है। व्यापारियों को छोटी समस्या को यदि मौके पर ही निस्तारण किए जाने का प्रयास किया जाए तो काफी हद तक सहूलियत मिल सकती है। इस पर अधिकारियों की ओर से इसी महीने जारी होने वाले हेल्प लाइन नंबर का उपयोग किए जाने की सलाह दी गई। बैठक में व्यापारियों की ओर से उनके रिफंड को लेट होने की समस्या भी बताई गई। तय हुआ कि एक तय समय का मानक बनना चाहिए। जिस तय समय मानक के भीतर व्यापारियों को उनका रिफंड वापस मिलना चाहिए। इससे व्यापारियों की पूंजी भी ब्लॉक होने से बच सकेंगी।



बैठक में मौजूद जीएसटी अधिकारी और व्यापारी। अमृत विचार

● जीएसटी संबंधी शिकायतें तुरंत दर्ज कराई जा सकेंगी

**ये व्यापारी रहे मौजूद**

विनोद गुप्ता, राकेश सिंह, अनिल गर्ग, रामजी शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, कृपा शंकर त्रिवेदी, ज्ञानेश मिश्र, जिला अध्यक्ष गुरुजिन्दर सिंह, जिला वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह, युवा महामंत्री विनायक पोद्दार व युवा संगठन महामंत्री अरविन्द गुप्ता, विजय गुप्ता, मुकुल वर्मा आदि रहे।

# पांच घरों में चोरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर तहसील के माखनपुरवा ,तरऊपुरवा गांव में शुक्रवार देर रात पांच घरों में हुई चोरी की घटना का तीन दिन बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है, आज भी पुलिस खाली हाथ है। वहीं इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीण पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

शुक्रवार की रात चोरों ने माखनपुरवा गांव में धावा बोलकर एक साथ पांच घरों को निशाना बनाया था। चोर पांचों घरों से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए थे। पीड़ितों ने सुबह घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद, पुलिस अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। अभी तक न तो कोई गिरफ्तारी हुई है और न ही चोरी का माल बरामद किया जा सका है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा, लेकिन ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। गांव वालों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं और पुलिस अक्सर ऐसे मामलों में ढिलाई बरतती है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और चोरी हुआ सामान बरामद करने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने ग्रामीणों को गांव में गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

थाना प्रभारी अशोक सरोज ने बताया कि पुलिस की चार टीमें तथा सर्विलांस टीम मिल कर मामले पर नजर बनाये हुए हैं। कई संदिग्धों से पूछताछ भी की गई है जल्द ही पुलिस टीम को सफलता मिलेगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

● बिल्हौर के माखनपुरवा में एक रात में पांच घरों में हुई थी चोरी

**जाम का झाम** स्थानीय पुलिस भी नहीं दे रही समस्या पर ध्यान, जाम में फंस कर खिसियाते व झुंझलाते रहते हैं लोग

# ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से लगता है जाम

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। जगह-जगह आड़े तिरछे खड़े इन वाहनों से जहां दिन में कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न रहती है, वहीं इनके कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। समस्या को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित करा प्रभावी कदम उठाए जाने की माग की है।

कस्बे में जीटी रोड हो या बेला मार्ग अथवा बंदी माता मार्ग, प्रायः सभी मार्गों पर ऑटो व ई-रिक्शा की जबरदस्त भरमार है। सवारियां बैठाने के चक्कर में चालक जहां चाहें, जब चाहें बीच मार्ग पर गाड़ी रोक देते हैं। इतना ही नहीं गाड़ियों को मोड़ते समय किसी भी तरह का कोई इशारा तक नहीं करते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। समस्या के बाबत स्थानीय निवासी सुशील तिवारी, बृजमोहन सिंह, नरेंद्र शुक्ला, श्याम दीक्षित, सोनू बाजपेई व ओम नारायण गुप्ता आदि ने बताया कि सबसे ज्यादा दिक्कत रविवार ,मंगलवार व गुरुवार को होती है। इस दिन कस्बे में बाजार का दिन होने के कारण आसपास गांवों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए कस्बे में आते हैं। भीड़ अधिक होने से सुबह से शाम तक ऑटो व ई रिक्शा चालक सवारियां बैठाने के चक्कर में बीच मार्ग पर ही गाड़ियां खड़ी कर देते हैं, जिससे जाम लग जाता है। इस दौरान दुकानदारों द्वारा विरोध करने पर झगड़ा करने लगते हैं यह नजारा आपको लगभग हर रोज देखने को मिल जायेगा।

लोगों ने बताया कि कस्बे में कई स्थानों पर पुलिस की पिकेट ड्यूटी रहती है, लेकिन वाहन चालकों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते है बल्कि उनकी अराजकता देखा करते हैं। वहीं इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया शीघ्र ही अभियान चला कर ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



जाम में फंसे खड़े वाहन। अमृत विचार

# 100 बेड का अस्पताल अगले माह से शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


**अमृत विचार।** दक्षिण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को जुलाई माह से नौबस्ता, केशव नगर में 100 बेड के अस्पताल का लाभ मिलने लगेगा। इसी माह यहां शासन स्तर से डॉक्टरों और स्टाफ की तैनाती कर दी जाएगी।

शहर के दक्षिण क्षेत्र में रहने वाले करीब 20 लाख लोगों को बीते दो वर्ष से केशव नगर में निर्माणाधीन 100 बेड अस्पताल के खुलने का इंतजार है, पूरी उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को अस्पताल का उद्घाटन करेंगे, लेकिन शासन स्तर से डॉक्टरों व स्टाफ की तैनाती न होने से अंतिम समय में प्रस्ताव सूची से हटाना पड़ गया था। इसी के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जुलाई माह में अस्पताल का संचालन शुरू करने का फैसला लिया। तय हुआ कि इसी माह अस्पताल में सभी जरूरी कार्य पूरे करके आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं और निर्माणदाता कार्यदायी संस्था तैयार अस्पताल स्वास्थ्य विभाग को सौंप दे, ताकि डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि की तैनाती की जा सके। सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने बताया कि कार्यदायी संस्था से सौ बेड का अस्पताल मिलते ही आगे की कार्यवाही शुरू की जाएगी। जून माह में यहां पर कुछ डॉक्टर व स्टाफ की तैनाती होगी और जुलाई तक अस्पताल का संचालन शुरू किया जा सकता है।

**35** डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ व सफाई कर्मियों की होगी तैनाती

**10** हजार वर्ग मीटर भूमि पर तैयार किया गया है अस्पताल

● इसी माह शासन स्तर से की जाएगी डॉक्टरों व स्टाफ की तैनाती, आएंगे जरूरी उपकरण


तैयार खड़ा अस्पताल। अमृत विचार

### सभी प्रमुख विभाग, आईसीयू, अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन भी

नेत्र रोग, अस्थि रोग, वाह्य रोग, दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, नाक-कान व गला रोग, इमरजेंसी, सर्जरी व पैथोलॉजी विभाग का संचालन होगा। इसके अलावा आईसीयू, लेबर रूम, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन की सुविधा मिलेगी।

# डॉक्टर और फार्मासिस्ट फिर नदारद

**सलेमपुर का हाल**

● डिप्टी सीएमओ डॉ.आदित्य सचान ने किया निरीक्षण

● निरीक्षण के समय 10:50 बजे पहुंचे डॉ. प्राणवीर सिंह

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** बीहड़ पट्टी की सलेमपुर सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। सोमवार को डिप्टी सीएमओ को निरीक्षण में डाक्टर व फार्मासिस्ट बगैर सूचना नदारद मिले। डिप्टी सीएमओ ने चिकित्सा प्रभारी को नदारद डॉक्टर व फार्मासिस्ट को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए हैं।

राजपुर ब्लॉक की सलेमपुर सीएचसी का बीती 13 मई को जिलाधिकारी आलोक सिंह ने निरीक्षण किया था। उन्हें सीएचसी में चिकित्सकों का आभाव और जांच सुविधाओं की दरकार मिली थी। डभ्एम ने सीएमओ को सभी व्यवस्थाएं दुरस्त रखने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं। सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं परखने के लिए सोमवार को सुबह करीब पौने ग्यारह बजे डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने औचक निरीक्षण किया।


सलेमपुर सीएचसी का निरीक्षण करते डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान।

इस दौरान डॉ. आरपी सागर ओपीडी में मरीज देखते मिले। आयुष चिकित्सक धुव्र सिंह और फार्मासिस्ट अरुण सिंह नदारद थे। करीब 10:50 बजे सीएचसी पहुंचे डॉ. प्राणवीर सिंह से डिप्टी सीएमओ ने नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान सभी वार्डों व परिसर में गंदगी मिलने पर कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। इसके बाद डिप्टी सीएमओ ने राजपुर पीएचसी का निरीक्षण किया। यहां समस्त स्टाफ मौजूद मिला। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवतियों की जांच होते मिली। डिप्टी सीएमओ ने मातृत्व अभियान की समीक्षा कर बीसीपीएम आकाश कुमार को क्षेत्र में प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पीएचसी प्रभारी डॉ. अमित निरंजन समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद मिले।

## एक जनपद-एक उत्पाद में आवेदन

**कानपुर देहात।** उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सऊद ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद योजना अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों को कौशल वृद्धि के लिए उन्हें कौशल मिशन के आरपीएल से जहां संभव हो सकेगा, जोड़ा जाएगा। साथ ही ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए मास्टर क्राफ्ट्समैन द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

उद्यम के आधार पर कौशल वृद्धि के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूल किट्स भी दिया जाएगा। यूटेंसिल्स (बर्तन)/प्लास्टिक उत्पाद से जुडे जनपद के ऐसे कुशल एवं अकुशल अभ्यर्थी योजना में आवेदन कर सकते है। जिनकी न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष होनी आवश्यक हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र रनियां में संपर्क किया जा सकता है।

# हाईवे पर हादसा, खलासी की मौत

संवाददाता, रनियां

● रनियां थाना क्षेत्र में उमरन गांव के पास पीछे से टकराया डंपर

● झांसी से गिट्टी लेकर कुशीनगर जा रहा था डंपर, चालक भागा

**अमृत विचार।** झांसी से गिट्टी लाद कर कुशीनगर जा रहा डंपर उमरन गांव के पास आगे चल रहे वाहन से भिड़ गया, जिससे डंपर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और खलासी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने छानबीन की।

झांसी जनपद के चिरगांव निवासी खलासी बीरू (40) और चालक देवेंद्र उर्फ राजा (35) डंपर में गिट्टी लादकर झांसी से कुशीनगर जा रहा था। रनियां क्षेत्र के उमरन गांव के पास पहुंचते ही आगे चल रहे वाहन में पीछे से घुस गया, जिससे डंपर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और खलासी वीरू की केबिन में फंस कर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक देवेंद्र उर्फ राजा मौके से फरार हो गया।


उमरन गांव के हादसे में क्षतिग्रस्त हुआ डंपर। अमृत विचार

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने केबिन में फंसे खलासी के शव को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हाईवे पर क्षतिग्रस्त खड़े डंपर को क्रेन के माध्यम से किनारे कराया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रभारी देवेंद्र सिंह पाल ने बताया कि खलासी के परिजनों को सूचना दी गई है। डंपर का चालक भाग निकला है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**एक नजर**

### दोषी करार बंदी की मौत पर होगी न्यायिक जांच

**कानपुर देहात।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रणविजय सिंह ने बताया कि अधीक्षक जिला कारागार माती ने पत्र भेजकर सिद्धदोष बंदी कमलकांत उर्फ कोमल (33) निवासी इस्माईलपुर थाना घाटमपुर जिला कानपुर नगर की जेके कैंसर संस्थान कानपुर नगर में बीती 3 मार्च को मौत होने की जानकारी दी थी। इस संबंध में न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय दीपक वशिष्ठ को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। वह अपनी जांच पूर्ण कर 15 दिन के अंदर रिपोर्ट देंगे।

### युवती ने दुपट्टे से फंदा लगाकर दे दी जान

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के अकना गांव में बीस वर्षीय प्रियांशी ने सोमवार सुबह घर के अंदर दुपट्टे के सहारे दीवार की खूंटी से फंदा लगा लिया। परिजन उसे जीवित समझ कर आनन-फानन सीएचसी हवासपुर पर ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे एसआई अरविंद गुप्ता ने छानबीन र शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत पर मां संध्या देवी, पिता रामकिशोर, भाई मोहित, रोहित, बहन नैंसी आदि का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

### मामूली बात पर दंपति को लाठी-डंडों से पीटा

**शिवली।** क्षेत्र के बैरी सवाई निवासी शालिनी ने पुलिस को बताया कि पति गौरव मिश्रा अपने प्लाट पर सफाई कर रहे थे। तभी पड़ोस के ही किशन कुमार, रामजी उर्फ सोनू, गणेश उर्फ मक्कू ने गालीगलौज करते हुए लाठी-डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता ने तीन आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर क्राइम धीरेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुखरायां/राजपुर।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर की छत पर सो रही थी। इसी दौरान पड़ोस का ही रहने वाला ताज आलम छत पर चढ़ गया और उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने ताज आलम के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसी तरह सोमवार को राजपुर थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने मुखबिर की सूचना पर किशोरी से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट मे वांछित चल रहे सिकंदरा थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी गोलू वर्मा को क्षेत्र के मुगल मार्ग से कुंवरपुर की ओर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।


जरहौली गांव की गली में जलभराव से कीचड़ भरा है। अमृत विचार


बीमारी फैलने के बाद चोक नालियों की सफाई करते कर्मी। अमृत विचार


नाली में एंटीलार्वा का छिड़काव करता कर्मी। अमृत विचार

# जरहौली गांव में दो मौतों के बाद जागे अफसर

## सोमवार को गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, 40 मरीजों का किया गया इलाज, 5 लोग झींझक सीएचसी में भर्ती कराए गए

संवाददाता, मंगलपुर

● अमृत विचार के मुद्दा उठाने पर हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

**अमृत विचार।** झींझक ब्लॉक के जरहौली गांव में संक्रामक रोग फैलने से दो लोगों की मौत और दर्जनों लोगों के बीमार होने का 'अमृत विचार' में मुद्दा उठाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अफसर नींद से जागे। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची, जहां कैंप लगाकर 40 मरीजों का इलाज किया गया। पांच लोगों की हालत गंभीर होने पर एंबुलेंस से झींझक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर भर्ती कराया गया।

जरहौली गांव में गंदगी और दूषित पानी के चलते संक्रामक बीमारियों ने एक पखवारे से पांव पसार रखे हैं। संक्रामक बीमारियों की चपेट में आने से अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दर्जनों लोग बुखार, उल्टी-दस्त समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया, जिससे लोग निजी अस्पतालों और झोलाछाप से इलाज कराने को मजबूर हो रहे थे। सोमवार को 'अमृत विचार' ने जहरौली गांव में संक्रामक बीमारियां फैलने को प्रमुखता से उठाया तो जिम्मेदार हरकत में आए।


सोमवार को जरहौली गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

झींझक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टरों की टीम गांव पहुंची और करीब 40 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इनमें से पांच लोगों की हालत ज्यादा खराब मिली, जिन्हें एंबुलेंस से झींझक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि छह लोग बुखार से पीड़ित पाए गए हैं। चार में कमजोरी के लक्षण मिले, जबकि 30 लोग डायरिया व पेट की समस्याओं से ग्रसित थे। सभी मरीजों को दवाएं देकर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### नालियों की सफाई, एंटी लार्वा का छिड़काव

■ गांव में बीमारी फैलने के बाद नालियों की सफाई के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव शुरू कराया गया है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. दीपक गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य टीम के नेत्र परीक्षण अधिकारी वीके गोस्वामी, निदा सत्तार, एलटी अरविंद बौद्ध, एएनम सरोज, डॉ. पीडी चतुर्वेदी, फार्मासिस्ट शशांक शेखर ने मरीजों की जांच कर दवा वितरित की है। बीमारी फैलने का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन अनुमान है कि गांव में लीकेज पाइप लाइन से होने वाली दूषित जलापूर्ति से लोग बीमार पड़ रहे हैं।

### लीकेज पाइपों से घरों में पहुंच रहा दूषित पानी

■ जरहौली गांव के माखन सिंह, प्रहलाद सिंह, संदीप आदि ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में पानी की टंकी का निर्माण चल रहा है। टंकी का काम अभी पूर्ण नहीं हुआ है। इसके बावजूद सीधे मोटर से पाइप लाइन में जलापूर्ति चालू कर दी गई है। पाइप लाइन जगह-जगह लीक हो रही है, जिसके कारण गंदा पानी घरों की टोटियों तक पहुंच रहा है और बीमारी फैल रही है। ग्रामीणों ने समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है और जल निगम के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है।

## चारपाई के नीचे पड़ा मिला युवक का शव

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अडरेपुरवा गांव में रविवार की रात छत पर सोए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह उसका शव चरपाई के नीचे पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन की है। फिलहाल मौत की वजह साफ नहीं है।


सत्यम।

अडरेपुरवा बनीपारा गांव के रहने वाले रवि कुमार यादव ने बताया कि उसके चाचा का लड़का सत्यम (24) रविवार की देर शाम बचीतजसु गांव में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट को देखने गांव के कुछ लड़कों के साथ गया था। वह रात में लौटकर घर आया और बिना कुछ खाए-पिए छत पर जाकर सो गया। सोमवार की सुबह जब परिजनों ने देखा तो सत्यम चारपाई के नीचे पड़ा था और उसकी मौत हो चुकी थी। युवक की संदिग्ध हालात में मौत की सूचना पर पहुंचे दरोगा अंकित यादव ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल की। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह का कहना है कि फिलहाल मौत की वजह साफ नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# हर ग्राम पंचायत में होगी ग्रीन चौपाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** वर्षाकाल-2025 में वन एवं अन्य 24 विभागों को निर्धारित पौधरोपण लक्ष्य के सापेक्ष 57.22 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। हर ग्राम पंचायत में ग्रीन चौपाल गठित होगी।

डीएफओ एके द्विवेदी ने बताया कि सभी विभागों द्वारा अग्रिम मृदा कार्रवाई की जा रही है। जिसको समय से पूरा कराने के लिए प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय स्थापित कंट्रोल रूप द्वारा निरंतर मॉनीटरिंग की जा रही है। उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के बारे में संबंधित विभागों को अवगत भी कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वन विभाग की विभिन्न नर्सरियों में 71.57 लाख से अधिक पौधों का उगान किया गया है, जो कि जून माह तक मानक ऊंचाई की पौध तैयार हो जाएगी।


बारिश में 57 .22 लाख पौधे रोपने के लिए तैयार की गई नर्सरी। अमृत विचार

इसके अतिरिक्त शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रीन चौपाल का गठन किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण, आर्द्रभूमि संरक्षण, जल संरक्षण, कृषि वानिकी को बढ़ावा देना है। ग्रीन चौपाल में ग्राम प्रधान, सेक्शन/बीट अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सदस्य तीन (न्यूनतम एक महिला सदस्य), स्वयं सहायता समूह की एक महिला प्रतिनिधि, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी सहायिका, प्रगतिशील किसान, पर्यावरणविद व अन्य विभागों के प्रतिनिधियों को सम्मिलित करते हुए ग्रीन चौपाल का गठन किया जाएगा।

# दलहन-तिलहन फसल से सुधारें पैदावार

संवाददाता, राजपुर

● अगली फसलों की पैदावार बढ़ाने का उत्तम तरीका

● दलहनी-तिलहनी फसल से सुधर जाती मिट्टी की सेहत

**अमृत विचार।** ब्लॉक के भाल गांव में सोमवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को दलहन व तिलहन की खेती के साथ औषधीय खेती कर समृद्ध बनने के लिए प्रेरित किया गया।

राजपुर विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भाल गांव में ग्राम प्रधान बब्बन दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित किसान गोष्ठी में दलहन अनुसंधान कानपुर के निदेशक डॉ. एपी दीक्षित ने कहा कि दलहन व तिलहन की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसकी फसलों से मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार होता है और जमीन में पोषक तत्व बढ़ते हैं। अगली फसलों की पैदावार में बढ़ोतरी होती है। इसलिए कृषि विभाग किसानों को दलहन और तिलहन की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। जिन खेतों में अच्छी पैदावार नहीं होती है, उनमें परंपरागत खेती छोड़कर दलहन और तिलहन की खेती ही सबसे उत्तम तरीका है।


सोमवार को भाल गांव में किसानों को उत्पादन बढ़ाने के टिप्स दिए गए। अमृत विचार

कृषि वैज्ञानिक डॉ. खलील खां व उप कृषि निदेशक राम बचन राम ने भी फसलों की अच्छी पैदावार करने के लिए जागरुक किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों के लिए यह सुनहरा मौका है। जिसमे सभी किसान इसका भरपूर फायदा उठाये।

इसके अलावा राजपुर के शिवधाम वाटिका में भी किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान एडीओ एजी विनय कुमार, प्रकाश नारायण दुबे, देवेंद्र दुबे, रमेश सिंह, विक्रम बाबू, राजेश सिंह, रमाकांत सिंह, राजपाल सिंह, रमाकांत दुबे, रामलाल दिवाकर, राजनरायन गौतम, छेदी लाल, अरविंद कटियार, कैलाश कटियार, राजेंद्र कुशवाहा, रूप सिंह, महादेव पाल, महेश पाल, मोतीलाल पाल आदि मौजूद रहे।

**खुले में कुर्बानी नहीं** राजपुर और सिकंदरा थाने में पीस कमेटी की बैठक, लोगों ने बिजली और पानी की समस्या बताई

# कुर्बानी देने के बाद गड्ढों में दफन करना होगा अवशेष

संवाददाता, राजपुर/सिकंदरा

**अमृत विचार।** जिले में बकरीद की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी पीस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर त्योहार शांतिपूर्वक मनाने पर जोर दे रहे हैं और जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

सोमवार को राजपुर थाना में पीस कमेटी की बैठक तहसीलदार सुभाष चंद्र की अध्यक्षता में हुई। क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने त्योहार पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न देने की हिदायत दी। लोगों ने कस्बे में गंदगी व जर्जर विद्युत आपूर्ति के कारण पेयजल संकट की समस्या बताई। अफसरों ने संबधित विभाग के अधिकारियों को समस्या दूर करने के निर्देश दिए।


राजपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक करते तहसीलदार व सीओ। अमृत विचार


सोमवार को सिकंदरा थाने में भी पीस कमेटी की बैठक हुई। अमृत विचार

कन्हैया नगर के जावेद खान ने मस्जिद वाली गली में गंदगी के ढेर, मौलाना अजमत अली ने आंबेडकर नगर में घरों के ऊपर से विद्युत तार निकलने, अरशद मंसूरी ने पटेल नगर में कब्रिस्तान के समीप कूड़े के ढेर का मुद्दा उठाया। थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेषों को गड्ढों में दफन करें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी करते समय रील न बनाएं और न ही सोशल मीडिया पर वायरल करें। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष अवध विश्नोई, पूर्व प्रधान अनवार खां, मौलाना अनीसुर्रहमान, मौलाना अजमत अली, हाजी इमाम खां, अनोज कुमार, शैलेश कुमार, अब्दुल करीम, अनुज गौतम मौजूद रहे।

इसी तरह सिकंदरा थाना सभागार में बकरीद पर्व को लेकर सीओ सिकंदरा आलोक कुमार व तहसीलदार सुभाष चंद्र ने पीस कमेटी की बैठक की। मस्जिदों के इमामों से कहा कि शासनादेश के मुताबिक आगामी बकरीद पर्व पर खुले में कुर्बानी न करें।

प्रभारी निरीक्षक हरिओम त्रिपाठी ने कहा कि यदि कहीं अराजक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था बिगाड़ने का कार्य किया जा रहा हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। नगर पंचायत के सभासदों ने आगामी बकरीद पर्व पर कस्बा में साफ-सफाई की जिम्मेदारी ली। इस दौरान व्यापार मंडल के रामकुमार गुप्ता बड़े, मदीना मस्जिद सदर परवेज आलम, नीरज मिश्र, व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहम्मद कलाम, मुन्ना खान पूर्व सभासद आदि मौजूद रहे।

# गजब हाल! डेढ़ साल में भी पूरा नहीं हुआ तीन महीने वाला काम

संवाददाता, मूसानगर

● 39 लाख रुपये से तीन माह में पूरा होना था नाला निर्माण

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के अच्युतानंद शास्त्री नगर वार्ड से विकास नगर के बीच नाले का निर्माण लगभग डेढ़ साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। वहीं नाला निर्माण के आई सामग्री के ढेर सड़क पर लगे होने से आए दिन हादसे होते हैं, जिससे लोगों में नाराजगी है।

अच्युतानंद शास्त्री नगर वार्ड से विकास नगर के बीच करीब 39 लाख रुपये की लागत से नाला निर्माण के लिए सितंबर 2023 में निविदा हुई थी। इसे तीन महीने में पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन डेढ़ साल बाद भी नाले का कार्य पूरा नहीं हो सका है। अनीश, शफीक, अजमत, कल्लू शाह, रेहान बावर्ची, लईक कुरैशी, इमरान शाह आदि ने बताया कि अच्युतानंद शास्त्री नगर वार्ड से मुगल रोड होते हुए विकास नगर तक नाले का निर्माण किया जा रहा है। ठेकेदार ने निर्माण के दौरान सड़क की खुदाई तो की, लेकिन इसे ठीक कराना भूल गए। इससे आए दिन राहगीर गिरकर चुटहिल होते हैं। सड़क खुदी पड़ी होने के कारण धूल उड़ती है। अब बरसात का समय आ रहा है। नाले का अधूरा निर्माण होने से पानी का निकास नहीं हो पाएगा, जिससे वार्ड में जलभराव व कीचड़ से परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जून के महीने से मोहर्रम की शुरुआत हो रही है। जुलूस इसी रूट से गुजरता है। ऐसे में और भी दिक्कत होगी। ठेकेदार त्रिलोकी नाथ तिवारी का कहना है कि रास्ते में लोगों ने चबूतरे आदि का निर्माण कर रखा है, जिससे कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया है। नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक दीपू कुमार ने बताया कि चबूतरे हटाने को नोटिस जारी हुई थी। ईओ के स्थानांतरण से देरी हो रही है।


मूसानगर में अधूरा नाला और सड़क पर लगे निर्माण सामग्री के ढेर।

